12 अधिकारी, कर्मचारियों ने 10 मांगों को लेकर किया...





13 शिकसा ने गजेन्द्र यादव के शिक्षा मंत्री बनने पर...





## अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रशिक्षण द्वारा 10th / 12th / स्नातक छात्राओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कमर्चारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते हैं, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धता है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कागो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपूर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 पद फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे हैं संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यर्थियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) छात्र-छात्राओं संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। **अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: मो. 7697212782 पता: फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक - गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)** Advt.

इच्छुक छात्र आवेदन करें

फायर सेफ्टी के कोर्स
1. एक वर्ष फायर सेफ्टी
2. एक वर्षीय इंडस्ट्रियल सेफ्टी
3. बी.एस.सी फायर सेफ्टी
4. सेनेटरी हेल्थ इंस्पेक्टर
5. एडवांस्ड डिप्लोमा इंडस्ट्रियल सेफ्टी (ADIS)
6. पोस्ट डिप्लोमा इंडस्ट्रियल सेफ्टी (PDIS)
7. सर्टिफिकेट कोर्स फायर एवं सेफ्टी



Shri Gopala Hospital

श्री गोपाला चाइल्ड एण्ड डेंटल केयर हॉस्पिटल

रत्नाबांधा, दुर्ग रोड, धमतरी

सर्वसुविधायुक्त बच्चों का अस्पताल



बच्चों के संपूर्ण टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध



24 घंटे बच्चों के भर्ती व आपातकालीन इलाज



बच्चों के फ्रेक्चर, सर्जरी व ऑपरेशन की सुविधा

सोनोग्राफी, एक्सरे एवं सभी प्रकार के पैथालॉजी जांच सुविधा उपलब्ध


## खबर संक्षेप

### सांप के डंसने से 16 वर्षीय युवक की मौत

**बालोद**। गुण्डरदेही ब्लाक के ग्राम नवागांव में सांप के काटने से 16 वर्ष के नवयुवक की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम नवागांव निवासी लोकेश यादव रात का खाना खाने के बाद घर के बरामदे में नीचे जमीन पर चटाई व गद्दा बिछाकर सो गया जहां देर रात को अचानक उसे कुछ काटने की चुभन होने पर उठा तब उसने अपने नजदीक से एक सांप को जाते देखा तब उसने इसकी जानकारी परिजनों को दी, जहां परिजनों ने उसको चिकित्सकीय ईलाज प्रदान किया गया और बाद में उसे जिला अस्पताल बालोद लाया गया जहां ईलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। जिसके बाद शव का पीएम कर परिजनों को सौप दिया गया।

### 26 अगस्त को मनाया जाएगा तीजा पर्व

**लाटाबोड़**। क्षेत्र में हरितालिका तीजा पर्व 26 अगस्त को मनाया जाएगा। इस पर्व पर सुहागिन महिलाएं पति की दीर्घायु और परिवार की सुख-समृद्धि के लिए व्रत रखेंगी। व्रत से एक दिन पहले, यानी सोमवार की रात महिलाएं करू भात खाकर व्रत शुरू करेंगी। गुंडरदेही ब्लॉक के ग्राम पसौद निवासी चुरामन यादव और गैंदलाल सेन ने बताया कि गांव में लगभग 800 बेटियां इस परंपरा का पालन करेंगी।

### नगर में मनाया जाएगा बाबा रामदेव का जन्मोत्सव

**बालोद**। बाबा रामदेव के जन्मोत्सव का पर्व बाबा रामदेव मंदिर गंजपारा बालोद में 24 अगस्त से 3 सितंबर तक मनाया जाएगा। इसमें प्रथम दिवस 24 अगस्त को सुबह 9 बजे ज्योति प्रज्वलित की जावेगी एवं रात्रि में प्रथम जम्मा जागरण रात्रि 9.30 बजे से होगा। प्रतिदिन सुबह 8 बजे से व संध्या आरती 7.30 बजे होगी, जिसमें भव्य शोभा यात्रा 3 सितंबर को दोपहर 3 बजे से रामदेव मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होगी। महाप्रसादी का आयोजन 2 सितंबर को दोपहर 12 बजे से रखा गया है।

## माजदा से टकराई बाइक, एक की मौत, दूसरा गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ डौंडीलोहारा

क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा नगर में विधायक निवास के पास हुआ, जब एक माजदा वाहन ने अचानक रांग साइड मोड़ दिया।

थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को दोपहर लगभग 3 बजे ग्राम संबलपुर निवासी खूबलाल जोशी 40 वर्ष व उसका पड़ोसी रेवाराम साहू बाइक क्रमांक सीजी 07 ए वाई 0221 से डौंडीलोहारा से अपने गांव लौट रहे थे। तभी विधायक निवास के पास माजदा क्रमांक सीजी 04 जे डी 2075 का चालक सामान खाली करने के लिए बिना सांकेतिक लाइट जलाए अचानक रांग साइड मोड़ा, जिससे बाइक पीछे से माजदा में जा टकराई।

**बगैर संकेत माजदा चालक के वाहन मोड़ने से घटी घटना**



हादसे में खूबलाल जोशी को गंभीर चोटें आईं और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। वहीं बाइक पर पीछे बैठे रेवाराम साहू गंभीर रूप से घायल हो गया, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद हाई सेंटर रीफर किया गया। त्योहार के एक दिन पहले हुई घटना से गांव में शोक का माहौल व्याप्त है। पुलिस ने माजदा चालक के खिलाफ धारा 281, 106(1) भादंवि एवं 184 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है। अधिकारियों ने बताया कि लापरवाह ड्राइविंग और संकेतों की अनदेखी इस हादसे का कारण बना। यह हादसा एक बार फिर सावधानीपूर्वक वाहन चलाने और सड़क नियमों का पालन करने की जरूरत की ओर ध्यान आकर्षित करता है।

## एनएचएम कर्मचारियों ने मनाया पोला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

एनएचएम कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर बस स्टैण्ड में बरसते पानी में धरना प्रदर्शन किया। एनएचएम कर्मचारियों ने हड़ताल स्थल पर ही पोला त्यौहार मनाया और मेंहदी लगाकर नियमितीकरण की मांग की। छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एनएचएम के 16 हजार से अधिक कर्मचारी 10 सूत्रीय मांगों नियमितीकरण, ग्रेड पे, पब्लिक हेल्थ कैडर की स्थापना, लंबित 27 प्रतिशत वेतनवृद्धि सहित को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। आंदोलन के चलते प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था चरमरा गई है। जिला बालोद में एनएचएम कर्मचारियों द्वारा जिला मुख्यालय



बालोद बस स्टैंड मे ही पोला त्यौहार पर हड़ताली कर्मचारियों द्वारा आंदोलन स्थल पर पोला त्यौहार मनाया गया। साथ ही महिला कर्मचारियों ने हाथों में नियमितीकरण के साथ 10 मांगों की मेंहदी लगा कर सरकार को जगाने का प्रयास किया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष खिलेश साहू, संरक्षक दिनेश खर्कवाल, उपाध्यक्ष प्रेम यादव, जिला सचिव यजेंद्र, पूर्व अध्यक्ष और संरक्षक रितेश साहू, सभी ब्लॉक अध्यक्ष और सभी कर्मचारी उपस्थित थे। संघ ने कहा कि हड़ताल से स्वास्थ्य व्यवस्था चरमरा गई है पर अभी तक सरकार के तरफ से कोई पहल नहीं की जा रही है, संघ ने हड़ताल से पहले 160 से ज्यादा बार सरकार को ज्ञापन सौंपा था। परंतु सरकार के तरफ से कोई सुनवाई नहीं हुआ, जिससे मजबूर होकर कर्मचारी हड़ताल कर रहे हैं। हड़ताली महिला कर्मचारियों द्वारा कहा जा रहा है कि पोला त्यौहार हड़ताल स्थल में मनाए है तो कल तीज भी मनाएगी, मांग पूरी नहीं होने तक हड़ताल जारी रहेगी। कर्मचारी संघ ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने जल्द ही उनकी मांगों पर ठोस निर्णय नहीं लिया, तो आगे आंदोलन और उग्र किया जाएगा।

## चोरों ने तोड़े कई मकान के ताले

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

घर में ताला लगाकर काम में गए परिवार के लोग जब दोपहर को वापस खाना खाने आए तो घर का दरवाजा खुला व सामान बिखरे पाकर घर का जांच करने पर 72,000 के सोने चांदी चोरी पाए जिसके बाद अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराया गया है। जहां पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 305, 331(3) के तहत रिपोर्ट दर्ज कर लिया है।

■ सूने मकान में चोरी, मामला दर्ज

ग्राम फरदफोड निवासी सुमीत्र बाई धनकर ने पुलिस को बताया कि सुबह मैं तथा मेरे पति अगनू राम धनकर तथा मेरा लडका साहिल धनकर सभी मजदूरी काम करने के लिए घर के सामने के दरवाजा में ताला लगाकर काम करने गये थे। मैं 11 बजे खाना खाने के लिए घर आई थी और खाना खाने के बाद पुनः 12 बजे सामने के दरवाजा में ताला लगाकर काम करने चले गई। तब मेरा लडका साहिल 02 बजे दोपहर खाना खाने के लिए आया तो सामने का दरवाजा तथा अंदर का दोनों दरवाजा खुला हुआ था। कमरे के अंदर रखे छोटा टीना पेटी एवं बडा टीना का पेटी खुला हुआ एवं सामान बिखरा हुआ था तथा छोटा पेटी में ताला लगा हुआ था जो कुंडी से अलग होकर फंसा हुआ था तब मेरा लडका साहिल मेरे पास आकर बताया कि घर में चोरी हो गया हैं। सभी दरवाजा खुला हैं तथा पेटी का सामान बिखरा हुआ हैं बताया अज्ञात चोर द्वारा दरवाजा का ताला तोडकर घर अंदर प्रवेश कर पेटी में लगे ताला को तोडकर चोरी कर ले गया हैं।

### अज्ञात चोर ने सूने मकान में की चोरी



**बालोद**। खेत काम करने गई महिला जब वापस अपने घर आई तो धर के सामान बिखरे पड़े थे। जहां महिला द्वारा सामान की जांच की गई तो सोने चांदी के जेवरात व नगद्दी सहित 56,800 की चोरी चोर द्वारा कर ली गई थी। जिसके बाद महिला द्वारा थाने में अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई। जहां पुलिस ने चोर के खिलाफ धारा 305(ए), 331(3) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। ग्राम सांकरा (क) निवासी गोदावरी भुआर्य ने बताया कि वह मायके में रहकर पिता जी का देखभाल करने रह रही थी उसके पिता जी का विगत माह जून में निधन हो गया है। उसके पति भैसबोड में रहते है जो सप्ताह में आते रहते है। मै पिता के घर अपनी बेटी एवं बहन की बेटी के साथ रहती हूं। सुबह खेती कार्य करने बहन बेटी को लेकर खेत गई थी। मेरी लडकी सुबह 9 बजे स्कूल चली गई थी घर में ताला लगा था। मैं शाम खेत से घर वापस आयी तो घर के मुख्य दरवाजे का ताला टुटा था दरवाजा खूला था ताला दरवाजे के पास पडा था। मैं कैसे खुला है सोचकर घर के अंदर गई तो देखी घर का पूरा सामान बिखरा पडा था सोने के कमरे का गोदरेज आलमारी खुला था। तब पता चला की अज्ञात चोर सुना मकान से चोरी कर समान ले गया है।

### गुमटी से कपड़े का बंडल ले गए चोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

गुमटी लगाकर कपड़ा का व्यवसाय करने वाले कपड़ा व्यापारी के गुमटी से अज्ञात चोर द्वारा करीब चालीस हजार के कपड़े को चोरी कर ली गई। व्यापारी ने अज्ञात चोर के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है, जिसमें पुलिस ने 305(ए), 331(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। ग्राम मालीघोरी निवासी दीपक कुमार यादव ने पुलिस को बताया कि ग्राम मालीघोरी में ही बिजली आफिस के सामने टीन का गुमटी में कपड़ा रखकर बेचने का व्यवसाय करता है। कपड़ा समेटकर रात्रि गुमटी में ताला लगाकर घर चला गया। अगले दिन सुबह मेरे साथ काम करने वाले चुम्मन लाल को जाकर दुकान खोलने भेजा तो उसने दुकान का एंगल टूटा हुआ और ताला लगा देखा। मैंने जब अंदर जाकर देखा तो गुमटी में रखे नये कपड़े हेंगर सहित तथा 5 जम्बू (पॉलीथीन के अंदर बंधे नये कपड़े को अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। चोरी गए कपड़े की कीमती लगभग 40 हजार आंकी गई है। चोरों ने एंगल को तोड़ने में उपयोग किये एक पाना को दुकान में ही छोड़ दिये हैं।


अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई

ITI DAGANIA

Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)

भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट

REGISTRATION OPEN

• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)

• C.O.P.A.* (Computer) 1 Year (10th Pass)

अग्रसेन एजुकेशन केम्पस, ग्राम -डगनिया, दुर्ग-बालोद मेन रोड, तह. गुण्डरदेही, जिला-बालोद (छ.ग.)

89595-93937 • 89595-44444





## खबर संक्षेप



### अतुल ने दी उम्मीदवार राधाकृष्णन को बधाई

**भिलाई।** नई दिल्ली पहुँच भिलाई कैन डू पर्वत फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रदेश भाजपा नेता ने एनडीए की ओर से उप राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन से सौजन्य मुलाक़ात कर अग्रिम बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित की । साथ ही आशीर्वाद लिया ।अतुल पर्वत ने कहा मुझे पूर्ण विश्वास है कि श्री राधाकृष्णन का अनुभव, समर्पण और राष्ट्रनिष्ठा से चुनाव में विजयश्री प्राप्त करेंगे तथा इस गरिमामयी पद को नई ऊँचाइयों तक ले जाएंगे।

### उपमुख्यमंत्री अरुण साव का किया स्वागत



**दुर्ग ।** स्वदेशी सुरक्षा एवं स्वालंबन कार्यक्रम में दुर्ग आगमन पर छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री अरुण साव का दुर्ग सर्किट हाउस में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर और भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने स्वागत किया। इस अवसर पर ललित चंद्राकर और सुरेंद्र कौशिक ने उपमुख्यमंत्री अरुण साव का पुष्पगुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया। दोनों नेताओं ने उपमुख्यमंत्री के साथ क्षेत्र के विकास और जनहित के मुद्दों पर चर्चा की।

### तीज मिलन 31 को

**दुर्ग।** जिला निषाद समाज दुर्ग महिला प्रकोष्ठ द्वारा तीज मिलन महोत्सव का आयोजन 31 अगस्त को सुबह 10 बजे से विवेकानंद हॉल सभागारमें आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री गजेंद्र यादव शामिल होंगे। इसके अलावा विशिष्ट अतिथि महापौर अलका बाघमार प्रदेश अध्यक्ष निषाद समाज एवं गुण्डरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद राष्ट्रीय संगठन महामंत्री कोमल देव निषाद उपस्थित रहेंगी। महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष संतोषी निषाद ने बताया कि तीजा तिहार महोत्सव में कई आकर्षक प्रतियोगिताएं एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। इसमें कुर्सी दौड़, फुगड़ी, तीज क्वीन, बिल्लस, गेड़ी नृत्य, लोक नृत्य, क्विज गेम तथा विशेष आकर्षक आयोजन किया जाएगा।कार्यक्रम में जिलेभर से बड़ी संख्या में महिलाएं भाग लेंगी।

### परिजनों को मिली आर्थिक सहायता

**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंह ने दुर्घटना में मृतकों के परिजनों को 8 लाख रूपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वार्ड नं. 54, उरला दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग निवासी अनिल पटेल की 19 जुलाई 2023 को मंदिर की दीवार गिरने पर सिर व शरीर में गंभीर चोट आने से मृत्यु हो गई थी। इसी प्रकार ग्राम बोरीगारका तहसील व जिला दुर्ग निवासी कु. निशा कुर्रे की विगत 11 जून 2024 को जहरीले सांप के काटने से मृत्यु हो गई थी।

# महिला समृद्धि सब्जी बाजार में निगम ने हटाए 25 से अधिक अतिक्रमण

## दुकानदारों द्वारा दोबारा किए गए अतिक्रमण पर निगम की सख्ती, दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

नगर पालिक निगम दुर्ग ने सुबह महिला समृद्धि सब्जी बाजार क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की। निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देश और महापौर अलका बाघमार के मार्गदर्शन में अतिक्रमण अधिकारी परमेश्वर के नेतृत्व में तोड़ दस्ते ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई को अंजाम दिया।

पिछले दिनों निगम द्वारा यहां से अतिक्रमण हटाया गया था, लेकिन कुछ दुकानदारों ने पुनः सड़क क्षेत्र पर कब्जा कर लिया था। उन्होंने बॉस–बल्ली गाड़कर व तंबू डालकर बाजार की सड़कों को संकरा कर दिया था, जिससे आमजन को आवागमन में परेशानी हो रही थी। इस पर निगम ने तत्काल एक्शन लेते हुए पूरे क्षेत्र को खाली कराया। निगम की इस कार्रवाई से स्थानीय नागरिकों और खरीदारों ने राहत की सांस ली। उनका कहना है कि अतिक्रमण के कारण सड़क संकरी हो गई थी और यातायात व्यवस्था बिगड़ रही थी। कार्रवाई के बाद बाजार में आवाजाही सुगम हुई है।

अतिक्रमण अधिकारी परमेश्वर ने कहा शहर को अतिक्रमण मुक्त करना और यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाना निगम की प्राथमिकता है। किसी भी हाल में सड़क और सार्वजनिक स्थानों पर कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

### अभियान में 25 से अधिक अतिक्रमण हटे

कार्रवाई के दौरान टीम ने बाजार के चारों ओर लगे तंबू, खोमचे और बॉस–बल्ली को हटवाया। निगम ने बताया कि महिला समृद्धि बाजार सहित आस-पास के क्षेत्रों में 25 से अधिक अतिक्रमण हटाए गए हैं।



### महापौर और आयुक्त का सख्त रुख

महापौर अलका बाघमार और आयुक्त सुमित अग्रवाल ने कहा कि शहर को व्यवस्थित और स्वच्छ बनाए रखने के लिए निगम लगातार अभियान चला रहा है। आम नागरिकों की सुविधा और यातायात की सुगमता के लिए अतिक्रमण हटाना आवश्यक है। उन्होंने दुकानदारों से अपील की कि वे नियमों का पालन करें और दोबारा अतिक्रमण करने से बचें, अन्यथा कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## मांग : महंगाई भत्ते और लंबित डीए एरियर्स की मांग

# अधिकारी, कर्मचारियों ने 10 मांगों को लेकर किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला अधिकारी–कर्मचारी फेडरेशन ने अपनी 11 सूत्रिय मांगो को लेकर शहर में रैली निकालकर अपनी मागो के संबंध में नारे लगाते व बैनर पोस्टर लेकर धरना प्रदर्शन किया तथा तहसील कार्यालय पहुंचकर संबंधित अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

फेडरेशन के नेताओं ने कहा कि प्रथम चरण के आंदोलन में 16 जुलाई को मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन सौंपकर 11 सूत्रीय मांगों से अवगत कराया गया था। मोदी की गारंटी के तहत मांगों को पूरा ना करने से छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन में रोष हैं। प्रमुख मांगों में मोदी की गारंटी अनुसार प्रदेश के कर्मचारियों एवं पेंशनरों को केंद्र सरकार के समान देय तिथि से महंगाई भत्ता दिया जाए।

मोदी की गारंटी अनुसार वर्ष 2019 से लंबित डीए एरियर्स की राशि कर्मचारियों के प्रदेश के लिपिकों, शिक्षकों, स्वास्थ्य विभाग, महिला बाल विकास विभाग सहित विभिन्न संवर्गों की वेतन विसंगतियों को दूर करने पिंगुआ कमेटी की रिपोर्ट सार्वजनिक किया जाए। प्रदेश में चार स्तरीय पदोन्नत समयमान वेतनमान दिया जाए। सहायक शिक्षकों एवं सहायक पशु चिकित्सा अधिकारियों को भी त्रिस्तरीय समयमान वेतनमान दिया जाए तथा नगरीय निकाय के कर्मचारियों को नियमित मासिक वेतन एवं समयबद्ध पदोन्नति दिया जाय।

प्रदेश में अन्य भाजपा शासित राज्यों की भांति प्रदेश में कैशलेस सुविधा लागू की जाए। अनुकंपा नियुक्ति निशर्त लागू करने स्थायी आदेश जारी जारी किया जाए। वर्तमान में 10 प्रतिशत सीलिंग समाप्त करते हुए सीधी भतऍ के पदों पर अनुकंपा नियुक्ति दिया जाए। मध्यप्रदेश की भांति प्रदेश में अर्जित अवकाश नगदीकरण 300 दिवस की जाए। प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना करते हुए सेवा लाभ दिया जाय। साथ ही प्रदेश के पंचायत सचिवों का शासकीयकरण किया जाए।

संविदा कर्मचारियों का नियमितीकरण किया जाए विभिन्न विभागों में सेटअप पुनरीक्षित नहीं होने के कारण अधिकारियों एवं कर्मचारियों की कमी को देखते हुए सभी विभागों में समानता लाते हुए सेवानिवृत्त आयु 65 वर्ष की जाए। प्रदेश में कार्यरत कार्यमारित, दैनिक वेतन भोगी, अनियमित, संविदा कर्मचारियों का नियमितीकरण करते हुए नियमित पदस्थापना में नियुक्त किया जाए।

इस दौरान मूलचंद शर्मा, लोकेश कुमार, मधुकांत यदु, परशुराम धनेंद्र, वीरेंद्र देशलहरे, अहमद रजा, राजेश उपाध्याय, राजेश घोड़ेसवार, सुरेश शांडिल्य, खिलानंद साहू, नवल किशोर साहू उपस्थित थे।

### सेवानिवृत्ति आयु 65 वर्ष करने की मांग



# पुस्तक एक्के घांव का विमोचन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के 18वें कार्यालय स्थापना दिवस पर वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. अशोक आकाश लिखित पुस्तक आपरेशन एक्के घॉव का विमोचन न्यू सर्किट हाउस, सिविल लाइन, रायपुर में किया गया। इसमें मुख्य अतिथि बृजमोहन अग्रवाल, सांसद लोकसभा क्षेत्र रायपुर थे। सुनील सोनी विधायक रायपुर दक्षिण, मोती लाल साहू विधायक रायपुर ग्रामीण, पुरंदर मिश्रा विधायक उत्तर, अनुज शर्मा, विधायक धरसींवा, विवेक आचार्य, संचालक संस्कृति एवं राजभाषा शामिल रहे। प्रदेश के सभी जिलों से आये छत्तीसगढ़ी एवं अन्य स्थानीय बोलियों के साहित्यकार प्रतिभागी एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित हुए। इस आयोजन में छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग द्वारा प्रकाशित छत्तीसगढ़ी साहित्यकारों के किताबों का विमोचन किया गया, जिसके तहत दस छत्तीसगढ़ी साहित्य का प्रकाशन छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग ने किया था, इसमें बालोद के साहित्यकार डॉ. अशोक आकाश की छत्तीसगढ़ी काव्य संग्रह आपरेशन एक्के घांव का अतिथियों द्वारा विमोचन किया गया। साथ ही छत्तीसगढ़ी भाषा की सेवा करने वाले साहित्यकारों में विशिष्ट स्थान हेतु डॉ. अशोक आकाश छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग द्वारा सम्मानित किये गये।

छत्तीसगढ़ी एवं हिन्दी साहित्य को समर्पित डॉ. अशोक आकाश की इस वर्ष तीसरी प्रकाशिक पुस्तक है, इनकी व्यंग्य गीतिकाव्य मदिरालय 10 अप्रैल को महासमुन्द में डॉ. परदेशी राम वर्मा के मुख्य आतिथ्य में विमोचन हुआ। लेखों का साझा संग्रह शहीद दुर्वासा निषाद और बालोद जिला पुस्तक का विमोचन 6 जून को ग्राम भिलाई गुंडरदेही में निषाद समाज के जिला स्तरीय सम्मेलन में विधायक कुंवर निषाद के मुख्य आतिथ्य में किया गया, इससे पहले इनकी छंद मय काव्यकृति किन्नर व्यथा लैंगिक विकलांग विमर्श विषयक विशिष्ट साहित्य के रूप में ख्याति दर्ज करा चुकी है।

### 42 वर्ष पुराना बकाया किराया राशि का अंतर की मांग नियम विरुद्ध : आप

**भिलाई।** आम आदमी पार्टी ने आकाशगंगा परिसर में निगम निर्मित किराए पर दी गई दुकानों के दुकानदारों से 42 वर्ष पुरानी बकाया किराया अंतर राशि का मांग करना विधि विरुद्ध बताया। उन्होंने कहा कि साड़ा से नगर पालिका निगम बनने से लेकर के वर्ष 2017 तक भिलाई जनता से निगम ने करोड़ों रुपए नामांतरण के नाम पर लिया है। मेहरबान सिंह की जनहित याचिका पर बिलासपुर हाईकोर्ट ने आदेश कर नामांतरण राशि वसूलने को विधि विरुद्ध बताया। आरटीआई विंग के प्रदेश अध्यक्ष मेहरबान सिंह, प्रदेश सचिव के ज्योति भिलाई जसप्रीत सिंह, हर चरण सिंह ने प्रेसवार्ता ने बताया कि निगम ने अपनी आय बढ़ाने का यह तरीका जो अपनाया है क्या वह न्याय संगत नहीं है। उन्होंने बताया कि आकाशगंगा परिसर में निगम द्वारा निर्मित दुकानों का वर्ष 1982 से अब तक का किराया राशि का अंतर राशि जो की 8 से 10 लाख रुपए है का डिमांड नोट निगम के दुकान किरायेदारों को भेजा है।

### जिला अस्पताल में 25 को रक्त दान शिविर

**बालोद।** प्रजापति ब्रम्हकुमारी बालोद ने विश्व बंधुत्व दिवस के अवसर पर राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि की पुण्य स्मृति में रक्तदान अभियान का आयोजन शासकीय जिला अस्पताल बालोद में 25 अगस्त को किया गया है। जिसमे अधिक से अधिक लोगों को भाग लेने की अपील की गई है।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया यशवंत का जन्मदिवस




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

अरिहंत अकादमी बालोद में विद्यालय के निदेशक यशवंत जैन का जन्मदिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार द्वारा उन्हें भारतीय जनता पाटऍ का प्रदेश महामंत्री बनने पर सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ केक काटकर किया गया।

विद्यालय के स्टाफ द्वारा गुलदस्ता भेंट कर जैन का स्वागत किया गया। प्रबंधन समित्ति की ओर से उन्हें शॉल और श्रीफल अर्पित किया गया। इस अवसर पर मोहन नाहटा, मनोहर नाहटा, प्रभाकर जेन, अजय सांखला, रजत जैन एवं दानमल जैन ने उन्हें मालाएँ पहनाकर सम्मानित किया। चेयरमैन डॉ. प्रदीप जैन ने अपने संबोधन में यशवंत जैन की उपलब्धियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनका यह गौरवपूर्ण दायित्व विद्यालय परिवार और समाज दोनों के लिए प्रेरणादायी है। विद्यालय के छात्र–छात्रओं ने उन्हें स्वयं द्वारा बनाए गए ग्रीटिंग कार्ड भेंट किए। इस अवसर पर प्राचार्य आलोक श्रीवास्तव ने उन्हें पौधा भेंट की।

## मां कर्मा प्रोत्साहन समिति करेगी 500 जरुरतमंद बच्चों का सम्मान



■ रिटायर्ड-अफसर कर्मचारियों ने बनाई संस्था

**भिलाई।** मां कर्मा प्रतिभा प्रोत्साहन समिति प्रदेश के सभी जिलों के लगभग पांच सौ से अधिक जरुरतमंद बच्चों का सम्मान करेगी। प्रदेश के अलग-अलग विभागों से सेवानिवृत्त हुए अधिकारियों और कर्मचारियों ने इस समिति का गठन किया है। इसके तहत दसवीं और बारहवीं कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जरूरतमंद बच्चों को चेक देकर सम्मानित किया जाएगा। संचालक मंडल के पदाधिकारी टेकराम साहू एवं दिनेश कुमार साहू ने बताया कि आर्थिक रुप से कमजोर बच्चों को मदद करने के उद्देश्य से इसका गठन किया गया है। इसके लिए प्रदेशभर में अभियान चलाकर फंड एकत्रित किया गया है। इसके माध्यम से बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए भी आर्थिक मदद प्रदान की जाएगी। इसमें इंजीनियरिंग, मेडिकल के अलावा प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले बच्चों का खर्च उठाया जाएगा। उन्होंने बताया कि राजधानी रायपुर के मधु पिल्लै चौक स्थित विमतारा भवन में इस प्रोत्साहन समारोह का आयोजन रविवार 24 अगस्त को किया जा रहा है। सुबह दस बजे से शाम पांच तक होने वाले इस आयोजन में प्रदेशभर के प्रतिभावान बच्चे और उनके परिजन शामिल होंगे।

# सख्ती : नल कनेक्शन कटने के डर से करदाता ने चुकाए 55 हजार रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

■ दूसरे ने 50,000 रुपये चुकाने का दिया आश्वासन

नगर पालिक निगम दुर्ग में कर वसूली को लेकर इन दिनों प्रशासन पूरी तरह एक्शन मोड में है। आयुक्त सुमित अग्रवाल के सख्त निर्देश पर राजस्व विभाग की टीम ने मंगलवार को वार्ड-04 गया नगर में दबिश दी। यहां टीम ने करदाताओं से बकाया राशि वसूल की और जिन लोगों ने टैक्स नहीं भरा था, उनके खिलाफ कार्रवाई की। कार्रवाही के दौरान संजय मिश्रा, विनीत वर्मा सहित टीम अमला मौजूद रहे

सबसे पहले टीम ने जवाहरलाल गुप्ता के मकान पर कार्रवाई की। बताया गया कि पिछले दो वर्षों से उन्होंने नल कर, संपत्ति कर और समेकित कर यूजर चार्ज का भुगतान नहीं किया था। जब टीम ने नोटिस और नल कनेक्शन काटने की चेतावनी दी, तो करदाता ने तत्काल 55,333 जमा कर निगम के खाते में राशि अदा की।

इसके बाद राजस्व विभाग की टीम गेंदालाल यादव के निवास पहुंची। यहाँ दो नल कनेक्शन पाए गए। बकाया वसूली के दौरान एक नल कनेक्शन को काट दिया गया। वहीं शेष नल कनेक्शन पर 50,000 बकाया करदाता से जल्द ही जमा करने की बात कही गई। आयुक्त सुमित अग्रवाल ने कहा है कि निगम अब किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं करेगा। जिन भी नागरिकों पर बकाया टैक्स है, उन्हें तत्काल राशि जमा करनी होगी, अन्यथा निगम की टीम नल कनेक्शन काटने के साथ-साथ कानूनी कार्रवाई भी करेगी। उन्होंने नागरिकों से कहा कि समय पर टैक्स जमा करना हर करदाता की जिम्मेदारी है। टैक्स से ही शहर के विकास कार्य, पेयजल आपूर्ति, सफाई व्यवस्था और अन्य मूलभूत सुविधाओं को सुचारु रूप से संचालित किया जा सकता है।



## धान खरीदी केंद्रों में कंप्यूटर कक्ष, बोर पंप के लिए राशि प्रदान

# सहकारी बैंक की ऋण उप समिति में 720.28 करोड़ का ऋण स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

■ जिला सहकारी केंद्रीय बैंक में हुई बैठक

कलेक्टर अभिजीत सिंह व प्राधिकृत अधिकारी जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित दुर्ग की अध्यक्षता में ऋण उप समिति की बैठक बैंक में हुई। बैठक में संचालक सदस्य अवधेश मिश्रा उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं दुर्ग, संदीप कुमार भोई उप संचालक संचालक कृषि जिला दुर्ग एवं सचिव के रूप में एसके जोशी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या. दुर्ग उपस्थित थे।



बैठक में कुल 309 ऋण प्रकरणों का राशि 720.28 करोड़ ऋण स्वीकृत किया गया। जिसमें फसल ऋण केसीसी साख सीमा वर्ष 2025-26 से 2027-28 कुल 2 समितियों के लिए राशि 113.06 लाख, उद्यानिकी फसल केला ऋण केसीसी साख सीमा वर्ष 2025-26 के 5 प्रकरणों में राशि 7.28 लाख, पपीता ऋण केसीसी साख सीमा वर्ष 2025-26 अंतर्गत 3 प्रकरणों में राषि 8.28 लाख, टमाटर ऋण केसीसी साख सीमा वर्ष 2025-26 अंतर्गत 3 प्रकरणों में राषि 6.69 लाख, करेला ऋण केसीसी साख सीमा वर्ष 2025-26 अंतर्गत 1 प्रकरणों में राशि 0.80 लाख स्वीकृत की गई है।

गौ पालन के लिए केसीसी साख सीमा वर्ष 2025-26 के लिए नवीन के 153 प्रकरणों में राशि 269.90 लाख एवं नवीनीकरण के 97 प्रकरणों में 158.69 लाख, मत्स्य पालन हेतु केसीसी साख सीमा वर्ष 2025-26 के लिए नवीनीकरण के 01 प्रकरणों में 0.78 लाख, बकरी पालन हेतु नवीन केसीसी साख सीमा वर्ष 2025-26 के 4 प्रकरणों में राशि 5.52 लाख, कुक्कुट पालन हेतु केसीसी साख सीमा वर्ष 2025-26 के लिए नवीनीकरण के 2 प्रकरणों में राशि 6.00 लाख, मध्यमकालीन नार्मल ऋण 7 वर्ष अंतर्गत 4 प्रकरणों में राशि 6.23 लाख, मध्यकालीन व्यक्तिगत ऋण के 17 प्रकरण में राशि 84.95 लाख, गोल्डन क्रेडिट कार्ड अंतर्गत नगद साख सीमा नवीन के 1 प्रकरणों में राशि 5.00 लाख, गोल्डन क्रेडिट कार्ड अंतर्गत नगद साख सीमा पुनः स्वीकृति 2 प्रकरणों में राशि 10.00 लाख, स्वयं सहायता समूह ऋण स्वीकृति पश्चात पुष्टि हेतु 8 प्रकरणों में राशि 7.10 लाख, स्वयं सहायता समूह ऋण स्वीकृति हेतु 3 प्रकरणों में राशि 7.60 लाख, स्वयं सहायता समूह एन.आर.एल.एम. अंतर्गत 1 प्रकरण में राशि 1.50 लाख, धान खरीदी केन्द्र में कम्प्यूटर कक्ष, बोर पंप हेतु ऋण स्वीकृति अंतर्गत 1 प्रकरण में राशि 15.90 लाख की स्वीकृति दिया गया। बैठक में बैंक अधिकारी सुश्री कुसुम ठाकुर अतिरिक्त मुख्य पर्यवेक्षक एवं एसपी वाहने शाखा प्रबंधक उपस्थित रहें।

# डिजिटल क्रॉप सर्वे की जानकारी जुटाने कलेक्टर पहुंचे खेतों में



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

शासन के निर्देशों के तहत जिले में खरीफ फसलों का डिजिटल क्रॉप सर्वे सर्वेयर के माध्यम से किया जा रहा है। उक्त सर्वे की अद्यतन जानकारी लेने कलेक्टर अभिजीत सिंह खेतों में पहुंचे। उन्होंने दुर्ग तहसील के ग्राम नगपुरा और बोरी तहसील के ग्राम नवागांव में सर्वेयर द्वारा किए जा रहे डिजिटल क्रॉप सर्वे का मौका मुआयना किया। इस दौरान उन्होंने सर्वे के संबंध में अधिकारियों एवं सर्वेयर से जानकारी ली। कलेक्टर के निरीक्षण के दौरान अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग हरवंश सिंह मिरी, अनुविभागीय अधिकारी धमधा सोनल डेविड, तहसीलदार दुर्ग प्रफुल्ल गुप्ता, तहसीलदार बोरी तारसिंह खरे, अतिरिक्त तहसीलदार हुलेश्वर खुटे, संबंधित राजस्व निरीक्षक, ग्राम कोटवार, कृषक एवं सर्वेयर उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### पीएमश्री के छात्रों ने फोड़ी मटकी

**डौंडीलोहारा।** पीएमश्री प्राथमिक शाला में कृष्णा जन्माष्टमी का आयोजन हुआ, जहां बच्चों ने कृष्ण और राधारानी के आकर्षक पोषक में संगीतमय नृत्य प्रस्तुति दी। आंख में पट्टी बांधकर हांडी फोड़ने की प्रतियोगिता रखी गई। साथ में बच्चों के लिए दही लूट कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया, जिसमें हांडी फोड़ने वाले - प्रकाश कक्षा 5वीं, दही लूट वाले पियांसु, हेमराज, इंद्रेश, चिरायु, वरुण, प्रवीण मयंक, चंदन, लक्की, भूपेश, टुमेश, कृष्ण- अनन्या, भाग्यश्री। राधारानी- पूर्वी, उर्वशी, खुशी, भुनेश्वरी, देविका, आदित्या, देवसीता, पावनी, नंदनी, दिशा, महिमा, परिमा घनाक्षी, तेजस्वी रहे। कार्यक्रम का संचालन अनिल दिल्लीवार एवं बसंती पीकेश्वर के मार्गदर्शन किया गया। इस अवसर पर संकुल समन्वयक टोमन मालेकर, प्रधानपाठक वीणा ठाकुर, शिक्षक राबिन नागवंशी व सुनीता साहू उपस्थित रहे।

### सीमांत साहू एवं अभय का यूथ रेडक्रॉस स्टेट लेवल ट्रेनिंग कैंप में चयन



**अंडा।** स्वः पुकेश्वर भारदीय शासकीय महाविद्यालय निकुम के यूथ रेडक्रॉस के स्वयंसेवी सीमांत साहू एवं अभय कुमार यादव का यूथ रेडक्रॉस स्टेट लेवल ट्रेनिंग कैंप कुरुक्षेत्र हरियाणा में चयन हुआ है। उक्त ट्रेनिंग कैंप में दुर्ग जिले से चयनित स्वयंसेवक सीमांत और अभय कुमार आपदा प्रबंधन, प्राथमिक स्वस्थ जैसे तकनीक का प्रशिक्षण लेंगे। छत्तीसगढ़ के 23 स्वयंसेवक हरियाणा में प्रशिक्षण लेंगे, जिसमें दुर्ग जिले से निकुम महाविद्यालय के छात्र इस शिविर में प्रतिभागी रहेंगे। प्राचार्य डॉ. डीके बेलेन्द्र ने निकुम महाविद्यालय के इन कर्मठ स्वयंसेवी को शुभकामना दी है, ये निकुम महाविद्यालय के लिए गौरव का पल है।

## निधन

### दिलीप कुमार साहू

**बालोद।** ग्राम हीरापुर निवासी हरिभूमि ग्रामीण प्रतिनिधि दिलीप



कुमार साहू 45 वर्ष का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे राहुल कुमार साहू के पिता व हंसराज साहू के भैया थे।

**कार्यक्रम :** हायर सेकंडरी संजारी में सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा विषय पर हुई व्याख्यान माला

# वाहन चलाने में यातायात नियमों का पालन करें स्कूली छात्र-छात्राएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

उच्चतर माध्यमिक विद्यालय संजारी में ईको क्लब के तत्वावधान में सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा विषय पर व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के संचालक व ईको क्लब प्रभारी डोंगरमल रामटेके ने बताया कि इस आयोजन के प्रायोजक गृह विभाग छत्तीसगढ़ शासन हैं तथा मार्गदर्शन स्कूल शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन व आयोजक राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण छत्तीसगढ़ हैं। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों को सड़क सुरक्षा के संबंध में विस्तृत जानकारी देने हेतु व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। व्याख्यान माला के मुख्य वक्ता शिवेन्द्र बहादुर साहू, आलोक विश्वकर्मा और रीमा सोरी थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य पद्मा कोठारी ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता शिवेन्द्र बहादुर साहू ने कहा कि असुरक्षित ड्राइविंग का चलन बढ़ रहा है, जिससे वाहन दुर्घटनाएं होती हैं जिनमें कई लोग मारे जाते हैं, गंभीर रूप से घायल होते हैं या अपने शरीर के अंग हमेशा के लिए खो देते हैं। इनमें से कई दुर्घटनाएं खराब ड्राइविंग कौशल, सड़क सुरक्षा सावधानियों का पालन न करने, जागरूकता की कमी और यातायात नियमों के उल्लंघन के कारण होती हैं। सड़क सुरक्षा एक सामाजिक कार्य है, जिसकी अनदेखी से अमूल्य जीवन का भारी नुकसान हो सकता है। हर साल लाखों लोग सड़क दुर्घटनाओं में मारे जाते हैं और करोड़ों घायल होते हैं, इसलिए सड़क सुरक्षा जागरूकता इन मौतों और चोटों को कम करने में मदद करती है। मुख्य वक्ता आलोक विश्वकर्मा ने कहा कि सड़क सुरक्षा जागरूकता सभी सड़क उपयोगकर्ताओं की जान और संपत्ति की सुरक्षा के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। इसमें सीटबेल्ट और हेलमेट पहनना, यातायात नियमों का पालन करना, शराब पीकर गाड़ी न चलाना, गति सीमा का ध्यान रखना, और सड़क पार करते समय जेब्रा क्रॉसिंग का उपयोग करना शामिल है। भारत सरकार और विभिन्न संगठन मिलकर सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए काम कर रहे हैं, जिसमें जागरूकता अभियान और नियमों का कड़ाई से पालन करना शामिल है।

### सड़क पार करने जेब्रा क्रासिंग का हो उपयोग

मुख्य वक्ता रीमा सोरी ने इस अवसर पर कहा कि गाड़ी चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग करने से बचें, क्योंकि यह ध्यान भटका सकता है। पैदल चलते समय सड़क पार करने के लिए जेब्रा क्रॉसिंग का ही उपयोग करें। गति सीमा का पालन करना और सुरक्षित दूरी बनाए रखें। यातायात के सभी महत्वपूर्ण नियमों की जानकारी देते हुए कार्यक्रम निर्देशक डोंगरमल रामटेके ने कहा कि इस तरह के जन जागरूकता वाले कार्यक्रमों के सतत आयोजन से देश के भविष्य विद्यार्थियो को सड़क सुरक्षा की बेहतर जानकारी दी जा सकती है, ऐसे आयोजन का लक्ष्य बच्चों को बेहतर नागरिक बनाना और देश के विकास में भागीदार



बनाना है। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन प्रभारी प्राचार्य पद्मा कोठारी ने किया। इस अवसर पर संस्था के स्टाफ बबीता दीवान, मीनाक्षी आर्य, अर्पणा वर्मा, किरण शिवाने, रीमा सोरी, उर्मिला नायक, नंदिनी जोशी, तीजू राम कुमेटी, धर्मिता देहारी, लालिमा रात्रे, संगीता सुधाकर, गिरिजा बाई ठाकुर, शाला नायक गिरिजा खरे, उपशाला नायक कुमकुम यादव और पूजा इंदौरिया तथा क्रीडां सचिव महेंद्र साहू उपस्थित थे।

# शिकसा ने गजेन्द्र यादव के शिक्षा मंत्री बनने पर हर्ष जताया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

शिक्षक कला व साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ ने दुर्ग शहर के विधायक गजेन्द्र यादव के शिक्षा मंत्री बनने पर खुशी जाहिर करते हुए हार्दिक शुभकामनाएं व बधाई दिया गया।

संस्थापक व संयोजक डॉ शिवनारायण देवांगन आस ने बताया कि गजेन्द्र यादव बहुत ही मिलनसार है शिक्षा मंत्री बनने पर सभी शिक्षक बहुत ही गर्व महसूस कर रहे हैं। शिकसा परिवार के संस्थापक व संयोजक डॉ शिवनारायण देवांगन आस, प्रांताध्यक्ष कौशलेंद्र पटेल, महासचिव डॉ बोधीराम साहू, उपाध्यक्ष प्रीति चन्द्र मल्लिका व हर्षा देवांगन, कोषाध्यक्ष जगन्नाथ प्रसाद देवांगन, संगठन मंत्री राधेश्याम कंवर, मीडिया प्रभारी गोपाल धुव, महिला प्रांताध्यक्ष नीता त्रिपाठी, उपाध्यक्ष ज्योति सक्सेना, महासचिव संध्या पाठक, कोषाध्यक्ष प्रतिभा त्रिपाठी, सहसचिव ऊषा भट्ट, मीडिया प्रभारी चमेली साहू, दुर्ग जिला अध्यक्ष होरी लाल चतुर्वेदी, जांजगीर जिला अध्यक्ष विजय कुमार प्रधान, महासचिव रामलाल कोशले , सहित हेमराज निषाद, हरमन कुमार बघेल, चन्द्र कुमार चन्द्रा, देव प्रसाद पात्रे, प्रकाश चन्द्र चेलक, शशिकला पाण्डेय, हेमा चन्द्रवंशी, ईश्वरी देवांगन, सरस्वती राघव, भावना राजपूत, यशोदा राजपूत, रेखा शर्मा, दुर्गा पाठक, मोहित शर्मा आदि ने बधाई दिया।

# संगठन सृजन के लिए ब्लॉक कांग्रेस की बैठक सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्दशानुसार संगठन सृजन के लिए ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गुरुर के द्वारा सिन्हा समाज भवन गुरुर में बैठक रखी गई। बैठक में प्रदेश कांग्रेस कमेटी से नियुक्त प्रभारी जितेंद्र साहू, संजारी बालोद के विधायक संगीता सिन्हा, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष चन्द्रेश हिरवानी, पूर्व विधायक भैय्याराम सिन्हा, ब्लॉक कांग्रेस गुरुर के अध्यक्ष तामेश्वर साहू, पूर्व जिला पंचायत सभापति केदारनाथ देवांगन, ब्लॉक कांग्रेस महामंत्री सादिक अली, सुमित राजपूत, दीनाराम चेलक, धनुष साहू, अरमरीकला सनौद मंडल अध्यक्ष टोमन साहू, धनेली बोडरा मंडल अध्यक्ष तोषण साहू, ब्लॉक कांग्रेस पदाधिकारी चितेश सोनवानी उपस्थित थे। विधायक संगीता सिन्हा ने कहा संगठन सृजन अभियान सिर्फ किसी पद को भरने की एक प्रक्रिया नहीं बल्कि कांग्रेस पाटएँ की बुनियाद को मजबूत करने की सोच है। संगठन सृजन के माध्यम से ऐसे जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं को नेतृत्त्व दिया जायेगा जो अपने आप को संगठन के लिए समर्पित रखते हैं। वही ब्लाक के संगठन प्रभारी जितेंद्र साहू ने ब्लाक अध्यक्ष चुनाव के संबंध में जानकारी दी। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष चन्द्रेश हिरवानी ने कार्यकर्ताओं से इस संगठन सृजन अभियान में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया। यह अभियान सिर्फ एक पद को भरने की प्रक्रिया नहीं है बल्कि यह जमीनी स्तर के हमारे कार्यकर्ताओं की आवाज को मजबूत करने का माध्यम है। संगठन सृजन कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस मीडिया प्रभारी शिवम कूरेटी, ब्लॉक यूथ कांग्रेस अध्यक्ष उमेश कुमार साहू, बालोद शहर अध्यक्ष शैलेंद्र मोनू ठाकुर, अंचल प्रकाश साहू, मंडल अध्यक्ष गिरधारी देवांगन, मंडल अध्यक्ष यशवंतपुरी गोस्वामी, भगवान काका, सेक्टर अध्यक्ष विवेकानंद साहू, ओम प्रकाश साहू, दिलीप केसरवानी, दूजेंद्र साहू, देहर लाल साहू, यानेश सोनकलिहारी, टेकलाल सोनबर, कुलदीप साहू, भानुप्रताप साहू, राजू साहू सहित समस्त कांग्रेस कार्यकर्ता, युवाकांग्रेस, एनएसयूआई, सेवादल महिला कांग्रेस एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।





# नौकरी और मानदेय के लिए एनयूएलएम मिशन मैनेजर व सामुदायिक संगठन मंत्री साव से मिले, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्ली राजहरा

नौकरी और मानदेय को लेकर एनयूएलएम मिशन मैनेजर व सामुदायिक संगठनकर्ताओं ने मंत्री अरुण साव से गुहार लगाई और ज्ञापन सौंपा। विदित हो कि राजधानी रायपुर में प्रदेशभर से पहुंचे करीब 150 मिशन मैनेजर और सामुदायिक संगठनकर्ता अपनी सेवाओं को सुरक्षित रखने और मानदेय की निरंतरता सुनिश्चित करने की मांग रखी। मिशन मैनेजर केतन नायक ने बताया कि देशभर में शहरी आजीविका मिशन गरीबों के आर्थिक सशक्तिकरण, रोजगार प्रशिक्षण, महिला स्व-सहायता समूहों की मजबूती और शहरी गरीबों की सामाजिक सुरक्षा में बड़ी भूमिका निभा रहा है। छत्तीसगढ़ में भी वर्षों से कार्यरत मिशन मैनेजर और सामुदायिक संगठनकर्ता अपने अनुभव और समर्पण से गरीबों के बीच भरोसे का वातावरण बना चुके हैं। यदि उनकी सेवाएं बाधित होती हैं तो योजनाओं पर सीधा असर पड़ेगा और शहरी गरीबों के उत्थान की प्रक्रिया रुक जाएगी। दीनदयाल अंत्योदय योजना (राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन) का उद्देश्य शहरी गरीब परिवारों को टिकाऊ आजीविका के अवसर उपलब्ध कराना है। मिशन के तहत महिलाओं के स्व-सहायता समूहों का गठन, कौशल प्रशिक्षण, स्वरोजगार ऋण, स्ट्रीट वेंडर्स को सहयोग और शहरी गरीब युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने जैसे कार्य किए जाते हैं। छत्तीसगढ़ में लगभग हर जिले में इस मिशन के अंतर्गत मिशन मैनेजर और सामुदायिक संगठनकर्ता कार्यरत हैं।








# 30 दिवसीय राजमिस्त्री प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया

**गुरूर।** जिले में ग्रामीणो को आत्मनिर्भर बनाने औंर स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर सृजित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन एवं ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में गुरूर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत भोथली मे 30 दिवसीय राज मिस्त्री प्रशिक्षण कार्यक्रम का आरंभ किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में ग्राम पंचायत भोथली के 43 ग्रामीणो औंर श्रमिको ने भाग लिया है। जहां उन्हे राजमिस्त्री का व्यावहारिक एवं तकनीकी ज्ञान प्रदान किया जा रहा है। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशन एवं सीईओ जिला पंचायत बालोद सुनील कुमार चन्द्रवंशी के मार्गदर्शन में ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के माध्यम से ग्रामीण एवं श्रमिको को 30 दिवस तक प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है जहां प्रतिभागियो को नाप, जोख, ईट चिनाई, फ्लोरिंग, प्लास्टरिंग, लेवलिंग एवं भवन निर्माण की तकनीक के बारे में जानकारी प्रदान किया जा रहा है। जहां वे केवल श्रमिक नही बल्कि कुशल राज मिस्त्री के रूप में परिपक्व होकर प्रधानमंत्री आवास एवं अन्य निर्माण कार्यो में अपना योगदान देंगे।



# स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल को पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग मिलने पर ओबीसी वर्ग ने जताया हर्ष

**अंडा।** छत्तीसगढ़ के मंत्रिमंडल में विगत दिनों हुए फेरबदल में 25 वर्षों की प्रतीक्षा के बाद पिछड़े वर्ग के प्रतिनिधि को पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग सौंपा गया हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के इस ऐतिहासिक निर्णय से पिछड़े समाज में प्रसन्नता है। क्योंकि अब वे समाज की समस्याओं को अपने मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के समक्ष सहज ढंग से रख सकेंगे। पिछड़ा समाज वर्षों से अपनी उपेक्षा से पीड़ित होकर पृथक पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री, प्रशासनिक विभाग और संचालनालय की मांग करते आ रहा है। श्री श्याम बिहारी जायसवाल को पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग सौंपे जाने से समाज में उत्साह है। हर्ष व्यक्त करने वालों में संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर, घणाराम साहू, बालक राम पटेल, राजा जायसवाल, शारदा प्रसाद सोनकर, दयालु राम देवांगन, संतोष साहू, ललित पाल, रूप नारायण सिन्हा, गणेश बघेल, ओमप्रकाश बघेल, महेंद्र प्रजापति, राधेश्याम वर्मा, भूखन वर्मा, गोपाल वर्मा, रोशन निर्मलकर, अंबे बाघमार, वरुण निर्मलकर, नकुल निर्मलकर, भोजराम करसेल, भूपेंद्र रजक, दिनेश निर्मलकर आदि शामिल हैं।

# सरस्वती शिशु मंदिर में मनी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

सरस्वती ग्राम शिक्षा समिति छत्तीसगढ़ बालोद जिला के मार्गदर्शन पर सरस्वती शिशु मंदिर निपानी द्वारा ग्राम सुर्रा में श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व मनाया गया।

जिसमें मुख्य अतिथि सरपंच ग्राम पंचायत सुर्रा नरेन्द्र ठाकुर थे। अध्यक्षता पूर्व अध्यक्ष ग्रामीण साहू समाज भीषम साहू, पूर्व अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति सुर्रा पुना राम साहू ने किया। विशेष अतिथि उप सरपंच सुर्रा चमेश्वर साहू, संस्थान प्रतिनिधि जिला समन्वयक बालोद दीपक कुमार हिरवानी, जयंत साहू एवं सदस्य ग्राम भारती बालोद युगल किशोर साहू की उपस्थिति रही साथ ही हिरवानी ने समाजोनमुखी कार्यक्रम एवं संस्कृति के बारे में मार्ग दर्शन दिए। कार्यक्रम ग्राम सुर्रा के समस्त पालकों एवं ग्रामवासियों के सहयोग द्वारा आयोजित किया गया। जिसमें भैय्या 20, बहनों 30, आचार्य 12, पालक अभिभावकगण 40, अन्य ग्रामीण 1000 की संख्या में कृष्ण जन्माष्टमी गली भ्रमण, दही लुट एवं कृष्ण राधा रानी की वेशभूषा में ग्राम सुर्रा में झलक दिखाई दिया।



खबर संक्षेप



## पोला त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

**कुसुमकसा।** छत्तीसगढ़ के ग्रामीण अंचलों में पारंपरिक पोला त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। किसान अपने बैलों को नहलाकर सजाते और विधिवत पूजा करते हैं, जबकि जिनके पास बैल नहीं है, उन्होंने मिट्टी और लकड़ी से बने नांदिया बैलो की पूजा की। यह पर्व बैलों के परिश्रम और उनके महत्व को सम्मानित करने का अवसर है। बच्चों में मिट्टी व लकड़ी के बने नांदिया बैलो के प्रति उत्साह देखा गया, वहीं महिलाएं छत्तीसगढ़ी व्यंजन जैसे खुरमी, ठेठरी, गुलगुला भजिया और चीला रोटी बनाती नजर आईं। पोला पर्व के दिन खेतों में जाने की मनाही होती है क्योंकि इसे अन्न माता के गर्भ धारण करने से जोड़ा जाता है। रात के समय पुजारी-बैगा, मुखिया और कुछ पुरुष विशेष पूजा-अर्चना के लिए गांव और आसपास के मंदिरों में जाते हैं।

### पर्व : पोला पर्व पर बैल की हुई पूजा, खिलाई गई लोई, बच्चों ने मिट्टी के नंदी बैल दौड़ाए

# अंचल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया पोला पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

लोकोत्सव और परंपरा का प्रतीक पोला पर्व दल्लीराजहरा सहित आसपास के ग्रामीण और शहरी अंचलों में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। ग्रामीण अंचलों से लेकर नगर की गलियों तक परंपरागत रौनक देखते ही बनी। खेतिहर समाज के इस विशेष पर्व में बच्चों ने मिट्टी और लकड़ी से बने नांदिया-बैलसजाकर शोभायात्रा निकाली और गीत-संगीत के साथ गली-गली घूमते नजर आए।

महिलाओं ने पारंपरिक व्यंजन बनाए, वहीं किसानों ने अपने बैलों को नहलाकर, सजाकर और पूजन कर विशेष रूप से आराधना की। जगह-जगह पर बच्चों ने बैलों की नांदिया घुमाकर पर्व का उल्लास बढ़ाया। ग्रामीण अंचल में ढोल की थाप और पारंपरिक गीतों की गूंज ने माहौल को और भी जीवंत बना दिया।नगर की गलियों और गांव की चौपालों में बच्चों की टोलियां गीत गाती और नांदिया-बैल घुमाती देखी गईं। बुजुर्गों ने इस अवसर पर पोला पर्व की प्राचीन परंपराओं और इससे जुड़े धार्मिक व सांस्कृतिक महत्व को साझा किया। यह पर्व न सिर्फ कृषि जीवन का उत्सव है बल्कि समाज में सामूहिकता और भाईचारे का संदेश भी देता है।

दल्लीराजहरा में धूमधाम से मनाया गया





## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया पोला पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंडा, चिंगरी, निकुम, अछोटी, कुथरेल, चंदखुरी, जंजगिरी, विनायकपुर, आमटी, आलबरस, भोथली, खाडा, रूदा, थनौद, अंजोरा, रसमडा, गनियारी, बोरई, डौकीडीह, ओटेबंद, सिरसिदा, परसदा, डगनिया, खप्परवाडा, नाहंदा, गुरेदा, सलौनी, भिलाई, चीचा, ओडारसकरी, मटिया, देवगहन,देवरी ख, तिरखैरी, गोरकापार सहित विभिन्न गांवो में पोला का पर्व क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। घर-घर में नंदी बैल की पूजा कर किसानों ने अच्छी फसल की कामना की। अंचल की गलियों में छोटे बच्चे मिट्टी के नंदी बैल के साथ खेलते रहे। लड़कियां भी चुकी-पोरा लेकर समूह बनाकर दिनभर खेल में जुटी रहीं। पोला के त्योहार को लेकर कुछ दिन पहले से ही माहौल नजर आने लगा था। बाजार में नंदी बैल बिकने पहुंचे थे। लोगों ने अपने बच्चों के लिए नंदी बैल, चूकी पोरा और अन्य सामानों की खरीदारी की थी। त्योहार को लेकर छोटे बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला। किसानों ने बैलों को नहला- धुलाकर उन्हें सजाया-संवारा और पूजा कर समृद्धि की कामना की। पुरुष वर्ग पूजा विधान में जुटे रहे और महिलाएं विशेष पकवान बनाने में व्यस्त थीं।



## श्रीकृष्ण-सुदामा से सीखें मित्रता निभाना - पं. शुक्ला

**भिलाई।** चौहान ग्रीन वैली जुनवानी में आयोजित श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ कथा में महामाया मंदिर रायपुर के ज्योतिषी व भगवताचार्य पं. मनोज शुक्ला महाराज ने सूर्यवंशी राजा नृग की कथा, भगवान के 16107 अन्य विवाह, स्यमन्तक मणि की कथा, पौंड्रक का नकली भगवान बन जाना, जरासंध का वध , शिशुपाल वध, पांडवों की राजसूय यज्ञ और सुदामा चरित्र का वर्णन बताया । व्यास स्वरूप पं. मनोज शुक्ला महाराज ने सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए कहा कि मित्रता करो, तो भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा जैसी करो।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

### पोला पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया



**गुरूर।** सरस्वती शिशु मंदिर पूर्व माध्यमिक विद्यालय खर्रा में छत्तीसगढ़ अंचल का प्रसिद्ध त्यौहार पोला हर्ष एवं उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर प्रधानाचार्य फल देव साहू, आचार्य सूखीत राम कलीहारी एवं विद्यालय के आचार्य परिवार द्वारा मिट्टी से निर्मित नादिया बैल, पोला, चूल्हा, चौका का विधिवत पूजन कर गुड चीला का भोग लगाया गया। प्रधानाचार्य फल देव साहू ने पोला त्योहार से संबंधित अपने बचपन के दीनों को भैया बहनों के साथ साझा किया। दीदी चित्तेश्वरी साहू ने पोला पर्व के महत्व पर विस्तार पूर्वक जानकारी दिया। वरिष्ठ आचार्य सूखीत राम कलीहारी ने पोला त्यौहार को कृषि, संस्कृति व पशुधन आधारित पर्व कहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में आचार्य कामता प्रसाद साहू, सूखीत राम कलीहारी, दीदी चितेश्वरी साहू, लीलेश्वरी साहू, छविलता पटेल, रंजना सिन्हा, रेणुका सिन्हा, ईश्वरी ठाकुर एवं बाल भारती शिशु भारती के पदाधिकारी का सहयोग रहा।

## किसानों ने बैलों का किया श्रृंगार और पूजा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

नगर व आसपास के क्षेत्र में पारंपरिक पोला पर्व इस बार भी हर्षोल्लास और धार्मिक आस्था के साथ मनाया गया। शनिवार को तड़के से ही आसमान में काले बादल छाए रहे और बीती रात से लेकर सुबह लगभग 8 बजे तक लगातार बारिश होती रही। लोगों को लगने लगा था कि इस बार पोला पर्व का उत्साह बारिश की वजह से फीका पड़ सकता है। मगर प्रकृति ने भी मानो पर्व की महत्ता को समझते हुए धीरे-धीरे अपने तेवर नरम कर लिए और बारिश थम गई। इसके बाद पूरे नगर व ग्रामीण अंचलों में माहौल पूरी तरह से उत्सवमय हो गया। बारिश थमने के बाद बाजारों में चहल-पहल देखने को मिली। ग्रामीण क्षेत्रों से लोग मिट्टी के बने नंदी-बैल, खिलौने, पोरा जांता जो खरीद नहीं पाए थे वे खरीदने पहुंचे। गांवों में बच्चे उत्साहपूर्वक गेड़ी पर चढ़कर खेलते नजर आए। वहीं महिलाएं व बुजुर्ग पारंपरिक व्यंजन और पूजा की तैयारी की। घर-घर में बैलों का श्रृंगार की करके पूजा की गई। किसानों ने बैल को भगवान समान मानकर उनकी आराधना की और फसल की भरपूर उपज की कामना की। पोलापर्व केवल कृषि संस्कृति का प्रतीक ही नहीं बल्कि सामूहिक एकता और परंपरा को जीवित रखने वाला पर्व भी है। इस दिन किसानों और आम नागरिकों के बीच विशेष उत्साह दिखाई देता है। बारिश के बीच आई थोड़ी अड़चन को नजरअंदाज करते हुए लोगों ने हर्षोल्लास से पर्व मनाया और देर रात तक नगर में उल्लासपूर्ण माहौल बना रहा।



online Booking:-www.tripuryatra.com
11 सितंबर, 3 अक्टूबर, 13 नवंबर, 18 दिसंबर, 24 दिसंबर 2025 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशिः-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

ISBM UNIVERSITY
KNOWLEDGE • WISDOM • HUMANITY
BCI Bar Council of India
Association of Indian Universities
Chhattisgarh Private Universities Regulatory Commission
UGC University Grant Commission
All India Council for Technical Education
PCI Pharmacy Council of India
ADMISSION OPEN 2025-26
AACSB ACCREDITED
INTERNATIONAL ASSOCIATION OF UNIVERSITIES
NAAC ACCREDITED
NOW IN RAIPUR CITY!
Free Counselling On "Importance of Education, Skills, Goal Setting & Planning"
PHARMACY
LAW
INFORMATION & TECHNOLOGY
LIBRARY & INFORMATION SCIENCE
COMMERCE
JOURNALISM & MASS COMM.
MANAGEMENT
DESIGN
ENGINEERING & TECHNOLOGY
SCIENCE
ARTS & HUMANTIES
YOGA & NATUROPATHY
NATIONAL & INTERNATIONAL COLLABORATIONS
10,000+ Students & Alumni
25+ Awards & Recognitions
150+ Recruiter Network
200+ National & International conferences
50+ MOU & Tieups
750+ Research Published
20+ Patents
₹2.5cr+ Research Fellowship
WWW.ISBMUNIVERSITY.EDU.IN
+91 9109333333, +91 9109244444
Raipur Campus - ISBM University, Ring Road No. 1, Near Sarona Bridge, Tatibandh, Raipur, Chhattisgarh- 492099
Main Campus - ISBM University, Nawapara (Kosmi), Block & Tehsil- Chhura, Gariyaband (Chhattisgarh) 493996
Shreeram Addiction